पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने 67वें टी0बी0 सील बिक्री अभियान का उद्घाटन किया</u>

लखनऊः 02 अक्टूबर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश क्षय-निवारक संस्था श्री राम नाईक ने 67वें टी0बी0 सील बिक्री अभियान का उद्घाटन करते हुए कहा है कि क्षय रोग एक गम्भीर बीमारी है, परन्तु लाइलाज नहीं। विज्ञान के दौर में सही उपचार रोगी को समय से प्राप्त हो जाये तो वह ठीक हो सकता है। उन्होंने कहा कि क्षय निवारक संस्था को अधिक गतिशील एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। टी0बी0 रोग की रोकथाम के लिये संस्था द्वारा उचित प्रचार-प्रसार भी जरूरी है तथा इस संस्था के साथ युवा वर्ग को जोड़ने की भी आवश्यकता है। क्षय रोग से बचने की जानकारी तथा समुचित इलाज ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाने का प्रयास किया जाना चाहिये।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री डा0 सुरजीत सिंह डंग, संस्था के चेयरमैन श्री रमेश चन्द्र त्रिपाठी, डा0 राजेन्द्र प्रसाद, सहित संस्था के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे। इस वर्ष टी0बी0 सील 'योगासन एवं सूर्य नमस्कार' पर आधारित था।

इससे पूर्व राज्यपाल ने आजमगढ़ निवासी एवं भारतीय नौसेना के अवकाश प्राप्त अधिकारी श्री हरिशंकर की साईकिल यात्रा को झण्डी दिखाकर रवाना किया। श्री हरिशंकर की यह यात्रा शांति एवं सद्भाव के उद्देश्य जो की जा रही है। श्री हरिशंकर 24 घंटे 425 किलोमीटर साईकिल चलाने के लिए कृत संकल्प हैं।

अंजुम/ललित/राजभवन (370/08)